## एक नजर

### अनिल सिंह बने नये थाना प्रभारी, अपराध पर अंकुश को बताया पहली प्राथमिकता



**हुसैनाबाद।** नये थाना प्रभारी के रुप में अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को हुसैनाबाद थाने में योगदान दिया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी समीर तिर्की से उन्होंने प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का निरीक्षण कर पदस्थापित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भय मुक्त वातावरण तैयार करना है। साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान को नियमित रूप से चलाने की बात कही। मौके पर एसआई शौकत खान, रंजीत कुमार यादव, जिम्मी हांसदा, एएसआई बीर बहादुर सिंह, सोम प्रकाश, धर्मेंद्र कुमार, चौकीदार सैयद मोहम्मद, अमित कुमार, शिव कुमार, रमेश राम मौजूद थे।

### राजद के प्रदेश महासचिव ने जताया शोक

**मनातू।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव डॉ. अरुण कुमार ने धानुक समाज के प्रतिष्ठित सगे भाई विनोद सिंह और रामा सिंह के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिलने पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि विनोद सिंह की मौत सचमुच पीड़ादायक है। उन्होंने गंभीर रूप से घायल दूसरे भाई रामा सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। विदित हो कि रामा सिंह को रांची के मेदांता अस्पताल से रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### अवर निबंधन पदाधिकारी नहीं होने से लोग परेशान

**हुसैनाबाद।** स्थानीय अवर निबंधन कार्यालय में अवर निबंधक की पदस्थापना नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने डीसी को पत्र प्रेषित कर इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि अवर निबंधन कार्यालय में विगत कई वर्षों से प्रभारी निबंधन का कार्य प्रभार में चल रहा है। पिछले तीन फरवरी से कार्य प्रभार वर्तमान प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीएम को दिया गया है,परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी निबंधन का भी प्रभार लेकर छुट्टी पर चले गए है। ऐसे में पिछले आठ दिनों से दूरदराज से निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने आने वाले ग्रामीण निराश होकर वापस लौटने के लिये विवश हैं। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये अवर निबंधन कार्यालय हुसैनाबाद में निबंधन पदाधिकारी की नियुक्ति अथवा किसी अन्य पदाधिकारी को प्रभार देने की मांग की है।

### बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की कमर टूटी, सरकार से की मनुहार

# बारिश-ओलावृष्टि से कई घर क्षतिग्रस्त, रबी व तेलहन की फसलें चौपट

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद व हैदरनगर क्षेत्रों में मंगलवार की रात अचानक तेज आंध- बारिश के साथ करीब आधे घंटे तक जमकर हुई ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी। हैदरनगर प्रखंड के कुकही पंचायत अंतर्गत नयकाडीह टोला में घंटों भारी बारिश व ओलावृष्टि से विशुनपत तांतो, आरती कुमारी, विनय चंद्रवंशी, लालबानू राम का घर क्षतिग्रस्त हो गया। उस समय परिवार के सभी सदस्य घर में ही थे। शोर-शराबा मचने पर ग्रामीणों की मदद से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर रात में ही लाया गया। बुधवार की सुबह पंसस राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों सहित किसानों के बर्बाद फसलों का आकलन भ्रमण किया।उन्होंने बताया कि संपूर्ण कुकही पंचायत क्षेत्र में रवि व तेलहन फसल को काफी नुकसान है। साथ ही कई ग्रामीणों के घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्रशासन को देते हुए तत्काल राहत कार्य चलाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि घर में सो रहे विशुनपत तांतो के घर के दीवाल पर सर्वप्रथम विशाल पुराना पेड़ आ गिरा। संयोगवश नींद खुल जाने के कारण परिजन बाल-बाल बचे। खेत में बर्बाद फसलों से आहत किसान रविंद्र सिंह, वार्ड सदस्य रविशंकर राम, राजेश्वर तांतो, डॉ. विनय कुमार , राजेश्वर यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, लहसुन, प्याज, अरहर, गेहूं की फसल तहस-नहस हो गयी है। उन्होंने इस मामले में राज्य सरकार से त्वरित कार्य करने की मांग की है।





### बारिश व ओलावृष्टि से बर्बादी के कगार पर किसान



**हरिहरगंज।** क्षेत्र में दो दिनों से हो रही तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं इससे फसलों को पहुंचे बेतहाश नुकसान से अन्नदाता बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। किसानों का कहना है कि खरीफ की फसल मानसून की बेरुखी से चौपट हो गयी। अब रबी की फसलें भी बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गयी हैं। ओलावृष्टि का कहर प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह, ढकचा सहित कई क्षेत्रों में नजर आया। कहीं कम तो कहीं ज्यादा ओले पड़े हैं। इससे खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं, सरसों, अरहर के पौधों की बालियां झड़ गयी और ओलावृष्टि के साथ चली तेज हवाओं से खड़ी फसल नीचे जमीन पर गिर गयी है। वहीं खुदाई के लिए तैयार आलू की फसल भी इससे प्रभावित हुई है।

### ओलावृष्टि से रबी व सब्जी की फसलों को भारी क्षति

#### जिला पैक्स अध्यक्ष ने किसानों को उचित मुआवजे की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि बेमौसम मूसलाधार बारिश और अति ओलावृष्टि के कारण फसलों को व्यापक क्षति हुई है। उन्होंने किसानों को हुये नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बरसात व ओलावृष्टि के कारण प्रखंड मोहम्दगंज, हैदरनगर व हुसैनाबाद के करीब 15 पंचायतों में सब्जी एवं रबी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गया है। उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के बैरांव पंचायत के ग्राम बसडीहा, नावाडीह, खजुराही शेखवाडीह, खड़िया, गेडुराही, झुमरी, महुअरी, खेकसाही ,जमुआ पंचायत के ग्राम जमुआ, विशवसिया, माधे कचहरी, कुर्मिपुर पंचायत के ग्राम कचरा, पचमो ,चौवचतान,कुमीर्पुर में फसलें तहस-नहस हो गयी हैं। किसान बिलकुल हताश हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें। वे सभी मात्र खेती पर ही आधारित हैं। उन्होंने अंचल अधिकारी एवं जिला कृषि पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### आंधी-पानी के साथ ओलावृष्टि से फसलें तहस-नहस



**मोहम्मदगंज।** तेज आंधी-पानी के साथ हुई ओलावृष्टि से रबी की फसलें तहस-नहस हो गयीं। तीन चक्र में हुई भारी ओलावृष्टि से पंसा और इसके आसपास के गांवों में लगी सरसों, चना और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे पंसा के किसान विरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, श्रीराम सिंह, रामाशंकर मेहता, रामजी मेहता, बलराम सिंह, श्यामकिशोर पाठक, सुरेश सिंह, सुरेश प्रजापति, रानीदेवा के उपेंद्र सिंह, शिवनारायण सिंह, तेंदुआ के राजेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, राणाडीह के नंद कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह और शिवकुमार सिंह सहित अन्य कई के खेतों में लहलहाती फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों ने इसे क्षेत्र में अब तक की रिकार्ड ओलावृष्टि बताया है। किसानों ने अधिकारियों से इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# श्रद्धापूर्वक पूजी गयीं मां वीणावादिनी, छात्रों में उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड में मां वीणावादिनी का पूजन श्रद्धापूर्वक किया गया। इस मौके पर शिक्षण संस्थानों सहित कई जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। दोपहर में हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज तथा नेशनल पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा का उत्साह देखते ही बना। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि विद्या की देवी मां वीणावादिनी की आराधना से ज्ञान की समृद्धि होती है। मौके पर संस्थान के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता, प्रधानाचार्य रविरंजन वर्मा, वाइस प्रिंसिपल सोनी कुमारी, अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह, शिक्षिका रमी कुमारी, सुनीता कुमारी, सपना कुमारी मौजूद रहीं।

### कमरे में मिला विवाहिता का शव, भाई ने लगाया पति पर हत्या का आरोप

# विवाहिता की हत्या कर फरार हुआ पति, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला बजारी स्थित एक घर में विवाहिता का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग जुट गए। सूचना हरिहरगंज थाने के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई नीतीश कुमार, निर्भय कुमार तथा निरंजन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. विवाहिता श्यामकिशोर चौधरी की 28 वर्षीय पत्नी पूनम देवी बतायी गयी है। घटना के संबंध में विवाहिता के भाई बिहार राज्य के दाउदनगर थाना क्षेत्र के पचकठवा मोहल्ला निवासी अनिल कुमार चौधरी ने बहन के पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि वर्ष 2009 में स्व. डोमन चौधरी के पुत्र श्यामकिशोर चौधरी के साथ अपनी बहन पूनम देवी की शादी की थी। शादी के बाद से ही बहन को उसका पति मारपीट और प्रताड़ित करता था। बुधवार अहले सुबह पत्नी की हत्या कर अपने दो लड़की तथा एक लड़का को साथ में लेकर वह फरार हो गया।



#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी ?

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि ढाब कला गांव में एक विवाहिता का शव मिला है। इस मामले में गहन जांच की जा रही है।आवेदन मिलने पर इस मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### लहसुन 500 रुपये पार महंगाई चरम सीमा पर



**हुसैनाबाद।** केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीब-मजदूर वर्ग की थाली से सब्जी दूर होता जा रहा है। स्थिति यह है कि आजादी के बाद पहली बार लहसुन की कीमत प्रतिकिलो 500 रुपये पहुंच गयी है। इससे गरीब लहसुन खरीदने का साहस भी नहीं जुटा पा रहे हैं। राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन व व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने पहले टमाटर, फिर प्याज और अब लहसुन। योजनाबद्ध तरीके से आवश्यक उपभोग वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से आम जन की कमर टूट गयी है। जनता भी सरकार के चालों को समझ रही है। लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से इसका जबाब देगी।

### सेवानिवृत्त अध्यापक ने बाल कुंज प्ले स्कूल का उद्घाटन



**पांकी।** प्रखंड के थाना रोड स्थित कन्या मध्य विद्यालय के सामने बुधवार को बाल कुंज प्ले स्कूल का सेवानिवृत शिक्षक द्वारिका मिश्रा, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डायरेक्टर विशाल कुमार गुप्ता ने फूल माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सभी का स्वागत किया। सेवानिवृत शिक्षक श्री मिश्रा ने कहा कि बाल कुंज प्ले स्कूल खुल जाने से नर्सरी क्लास से तीसरा क्लास तक के बच्चों को पढ़ाई करने में बेहद सहूलियत होगी। मौके पर बबन मिश्रा, अनारिक राम, संजीव कुमार, उमेश गुप्ता, मदन प्रसाद, गज्जू सिंह, सुभाष सिंह, सुरेंद्र प्रसाद उपस्थित थे।

# गंगतुवा में श्रीरामचरित मानस नवाह्परायण पाठ महायज्ञ का आगाज



**पाटन।** थाना क्षेत्र के गंगतुवा में नवयुवक संघ यज्ञ समिति के तत्वावधान में श्रीरामचरित मानस नवाह्परायण पाठ महायज्ञ के 29वें अधिवेशन का आगाज बुधवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह मौजूद रहे। महायज्ञ का समापन 24 फरवरी को किया जायेगा। कथावाचक सह प्रवचनकर्ता मानस मंजूरी इंदौर की सिया भारती द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया जायेगा।






## आस्था

### श्रद्धालुओं में भारी उत्साह, जयकारे से वातावरण भक्तिमय

# कलश यात्रा के साथ श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के खामडीह गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा का शुभारंभ समाजसेवी रामदास साहु एवं उनकी पत्नी ने मुख्य यजमान को कलश सौंप कर किया। कलश लिए भक्त जय श्रीराम,हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुये धमधमवा स्थित औरंगा नदी पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ कलश में जल भरकर उसे विधि-विधान पूर्वक यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। जिप सदस्य सुधा कुमारी, बारी पंचायत मुखिया निरोत्तमा कुमारी, भाजपा अजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरों, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा , विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा,ललन साव समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। यज्ञ समिति के अध्यक्ष भोला सिंह, सचिव विरेंद्र कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष बबलू साव,सोनू साव, संयोजक रामवनेश्वर चौधरी,लालबाबु चौधरी, व्यवस्थापक उदय सिंह, विष्णु साव आदि आयोजन में तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।



**22 फरवरी को होगा समापन :** आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ का समापन 22 फरवरी को किया जायेगा। इस दौरान यज्ञ जगदगुरु रामानुजाचार्य व श्रीसर्वेश्वराचार्य स्वामी के सानिध्य में किया जा रहा है। रात में नौ बजे तक पंडित मारूति किंकर व पंडित सुनीता शास्त्री के मुखारविंद से श्रीरामचरित मानस का पाठ किया जायेगा। उसके बाद वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा रासलीला की प्रस्तुति की जाएगी।

### श्रीशिवशक्ति नारायण महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**पांकी।** प्रखंड के नौडीहाट टू पंचायत के हरखुआ गांव में आयोजित श्रीशिव शक्ति नारायण महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य फल प्राप्त करने की भक्तों में होड़ मची है। इस दौरान प्रवचन कर्ता एवं यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने हरखुआ मंदिर में शिवलिंग एवं नंदी की प्रतिमा समर्पित करने वाले पगार खुर्द पंचायत निवासी स्वर्गीय बालकेश्वर ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती बालमती कुंवर एवं उनके पुत्र सूरज ठाकुर को पुष्प गुच्छ एवं माला देकर सम्मानित किया।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

समेकित शिक्षा ही राष्ट्र की प्रगति का आधार होती है। शिक्षण कॉलेजों के शिक्षकों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों को ऐसा शिक्षण दें कि यहां से निकल कर वे समाज व देश का सही मायने में नेतृत्व कर सकें।

माया त्रिपाठी, प्रवक्ता डीएलएड कॉलेज।

## देवब्रत ने थामी शहर थाने की कमान



**मेदिनीनगर।** शहर थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर देवब्रत पोद्दार ने बसंत पंचमी के दिन बुधवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर थाना आ सकती है। यथासंभव पुलिस की ओर से उनकी मदद की जाएगी। इससे पूर्व श्री पोद्दार चैनपुर थाने में सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में तैनात थे।

महिलाओं ने कहा शहर में बच्चों को पढ़ाने में मिली राहत

## गरीबों को राहत दे रही ननि की पिंक सिटी बस सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ननि क्षेत्र में शुरू की गयी पिंक सिटी बस सेवा से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को काफी राहत मिल रही है। किराया कम होने के कारण अब समीपवर्ती क्षेत्र के निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों को भी अपने बच्चों को शहर के स्कूलों में पढ़ाना सरल हो गया है। टेंपों के किराया में बेतहाशा वृद्धि को देखते हुये नगर निगम प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष से विभिन्न रूटों पर चार पिंक सिटी बस सेवा शुरू की गयी है। छहमुहान से चियांकी तक बस का किराया 10 रूपये निर्धारित है। जबकि आटो का किराया 20 रूपये से अधिक है। बुधवार को बस में सफर कर रहीं चियांकी की रीना देवी, मीना देवी, प्रमिला देवी आदि ने बताया कि बस सेवा से उन्हें काफी राहत मिली है। अब वे अपने बच्चों को भी सहजता से शहर के स्कूलों में पढ़ने के लिये भेज सकती हैं।



परिचालक हरेंद्र उरांव ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे से शाम साढ़े बजे बस सेवा जारी रहती है। इस दौरान आठ चक्कर लगते हैं। दिन में सवारी अपेक्षाकृत कम निकलते हैं, किंतु सुबह-शाम बस खचाखच भरी रहती है। लोगों ने ननि प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये शहर के अन्य रूटों पर भी बस सेवा शुरू करने की मांग की है।

## तस्वीर झूठ ना बोले



यह डरावनी तस्वीर है स्थानीय बरालोटा के कमला नगर की। बिजली का यह पोल कई दिनों तार के सहारे लटका हुआ है। हल्के हवा के झोंके से यह गिर सकता है, जो किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है। मुहल्ले के लोग इसकी सूचना बिजली विभाग को भी दे चुके हैं, लेकिन विभाग के किसी पदाधिकारी ने अब थ नोटिस नहीं लिया है। सवाल है अगर कोई हादसा होता है तो जिम्मेदारी किसकी होगी? (छाया- संजय पाण्डेय)

## एक नजर

### समाजसेवी श्याम बिहारी सिंह के निधन से शोक

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना अंतर्गत सरजा निवासी समाजसेवी श्याम बिहारी सिंह के आकस्मिक निधन पर कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। विदित हो कि श्याम बिहारी सिंह का निधन वाराणसी में इलाज के दौरान हो गया था। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित मणिर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ब्रजकिशोर सिंह ने दी। उनके निधन की खबर मिलने पर प्रदीप सिंह, ललित कुमार सिंह,अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडेय,प्रेम प्रकाश ठाकुर ,उपाध्याय सिंह ,टाइगर कुमार ,मेहनाज आलम ,आनंद सिंह, उपेंद्र सिंह आदि ने शोक संवेदन व्यक्त की है।

### कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड का जवान गंभीर



**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाने में तैनात होमगार्ड के जवान राम पुकार सिंह बुधवार की सुबह नौ बजे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में घायल जवान ने बताया कि उन्हें किसी काम से रांची जाना था। बुधवार की सुबह वह बाइक से मेदिनीनगर पुलिस लाइन कमान लेने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पीसीआर हाईवे तीन को दी गई। हवलदार बालेश्वर तुरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल जवान को पीसीआर वाहन से इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

मां सरस्वती पूजनोत्सव की धूम, शिक्षण संस्थान रहे गुलजार

# मां शारदे कहां तू वीणा बजा रही है....



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की धूमधाम से पूजा -अर्चना की गई। इस अवसर पर जिले के सैकड़ों जगहों पर स्थापित भव्य पंडाल में मां पुस्तक धारिणी की प्रतिमा स्थापित की गई। पर्व को लेकर विशेषकर बच्चों व युवाओं में खुशी व हर्ष का माहौल दिखा। शिक्षण-संस्थान देर रात तक पर्व की धमक से गुलजार रहे। मुहल्लों के बच्चों ने मां विद्यादायिनी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। पूजा के बाद पुरोहितों ने मां के विभिन्न रूपों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। बताया कि भगवान ब्रह्मा की मानसपुत्री मां सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री हैं। उन्हें कई नामों से जाना जाता है। इसमें मां शारदे, बागेश्वरी आदि प्रमुख हैं। माघ शुक्ल पंचमी को इनकी पूजा होती है। मान्यता है कि बसंत पंचमी मां सरस्वती का जन्म दिन है। मेदिनीनगर शहर में जगह-जगह बज रहे मां शारदे कहां तूं वीणा बजा रही है... की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, ज्ञान निकेतन स्कूल सहित अन्य जगहों पर विद्या की देवी की आराधना की गई। पड़वा प्रखंड के मवि कजरी, गुरुकुल, मवि बटसारा, गाड़ीखास, लोहड़ा, पंडवा, मुरमा, कोकरसा रबदी सहित लगभग सभी गांवों में पूजा पंडाल स्थापित कर विधि-विधान पूर्वक मां की पूजा की गयी।

**पूजा के बाद पुरोहितों ने मां के विभिन्न रूपों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी**

### द कराटे एकेडमी में आराधना

**मेदिनीनगर** पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने हर्षोल्लास से सरस्वती माता की आराधना की। मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित बर्मन ने कहा की विद्यार्थियों ने मां से खेल के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने की कामना की। पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी ने राष्ट्र स्तरीय गतका प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि बल, बुद्धि, ज्ञान की बदौलत ही उत्तम खिलाड़ी बना जा सकता है।

**विद्यार्थियों ने मां से खेल के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने की कामना की**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर लिखा था मार्मिक पत्र

## झामुमो ने छात्रा को किया प्रोत्साहित, दी सांत्वना




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर मार्मिक पत्र लिखने वाली सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस की छात्रा मनीषा पांडेय से मुलाकात कर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने उसे प्रोत्साहित करते हुये सांत्वना दी है। अपने पत्र में छात्रा ने उल्लेखित किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री की ही देन है कि वे माडल स्कूल में अध्ययन कर पा रही हैं। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी की खबर से उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचा है। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने इसकी जानकारी होने होने पर छात्रा के घर जाकर मुलाकात कर उसे पाठ्य सामग्री प्रदान कर पूर्ण मनोयोग से अध्ययन के लिये प्रेरित किया। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, मुकेश चौधरी, कृष्ण कन्हैया दुबे, छोटू त्रिपाठी, पिंटू पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पीएम विश्कर्मा योजना विषयक दी गई ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीएम विश्कर्मा योजना विषयक पलामू जिला स्तरीय कार्यशाला मंगलवार कोम मेदिनीगनर के होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। बताया गया कि इस योजना में 18 ट्रेड के कारिगरो/शिल्पकार सह लघु उद्यमी का रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन का सत्यापन तीन स्तरों पर किया जायेगा। तीनो स्तरों पर सत्यापित आवेदकों का बैच बनाकर संबधित पेशा/व्यवसाय के लाभुको का स्कील डेवलपमेंट का पांच दिनी आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान लाभुकों को 500 की दर से प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्रत्येक प्रशिक्षु को किया जाएगा। साथ ही पारंपरिक व्यवसाय के औजार को बदलने के लिए 15000 प्रदान किया जायेगा। दो चरणों में ऋण प्रदान किए जाने की भी जानकारी दी गई। उपायुक्त शशि रंजन ने उदघाटन करते हुए गहनता से प्रशिक्षण लेने पर बल दिया। कार्यशाला में राज्य से संदीप सिंह, सहायक निदेशक सत्येंद्र सिंह, जिला प्रबंधक नागेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार आदि शामिल थे।



राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने किया उद्घाटन, कार्यकर्ताओं में उत्साह

## लोस चुनाव कार्यालय खोल भाजपा ने शुरू की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए शहर में प्रधान कार्यालय खोला। प्रधान कार्यालय का उद्घाटन राज्य सभा के सदस्य आदित्य साहू ने किया। इस अवसर पर पलामू लोकसभा के चुनाव प्रभारी विनय कुमार लाल उपस्थित थे। इस चुनाव के संयोजक विपिन बिहारी सिंह और संयोजक अलख पांडे भी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने दोहराया कि पार्टी पूरे दमखम से लोकसभा का चुनाव लड़ेगी और पलामू सीट पर विजय प्राप्त करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद वीडी राम, सहित विधायक आलोक चौरसिया ,भानू प्रताप शाही ,रामचंद्र चंद्रवंशी,भाजपा नेत्री ममता भुइयां इत्यादि भी मौजूद थे। विदित हो कि पलामू भाजपा का मजबूत गढ़ है। दो बार से जहां भाजपा इस सीट पर अपना विजय पताका फहरा रही है। वहीं जिले की पांच में से चार विधान सभाओं पर भाजपा का कब्जा है।



### बिजली चोरी में सात लोगों पर केस

**हैदरनगर।** जेवीएनएल के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान में सात लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पकड़ा है। इनके विरुद्ध हैदरनगर थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत जेई प्रदीप कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन पर कुल 63 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसमें हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंकज राम, अरुण राम, तेतरी देवी, संजय कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह, मतीन शाह व इशरत प्रवीण आरोपी का नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान में उनके अलावा सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेन्द्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को स्थानीय तिवारी कमप्लेक्स में उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं के निदान के लिये शिविर लगाया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### निगम निवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी एवं युवा अधिवक्ता अश्वनी त्रिपाठी ने ग्राम बड़कागांव, रजवाडीह, बारालोटा में जनसंपर्क करने के साथ पूजा पंडालों में जाकर मां सरस्वती का दर्शन-पूजन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि गांव के साथ शहर में भी समस्याओं का अंबार लगा है, किंतु जन प्रतिनिधि के साथ निगम प्रशासन को भी सिर्फ टैक्स वसूलने से मतलब रह गया है। नगर निगम का क्षेत्रफल तो बढ़ गया, लेकिन निगम क्षेत्र में एक भी काम धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। मौके पर ज्ञानी पंडित, बैजनाथ शर्मा, दीपक कुमार, रितेश तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, रामेश्वर साहू, रमेश चौबे उपस्थित थे।

### प्ले स्कूल में गूंजेगी नौनिहालों की किलकारी

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के आसेहार में प्ले स्कूल का शुभारंभ पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, आम आदमी पार्टी नेता ओंकारनाथ जायसवाल व रणधीर महाराज आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने स्कूल के संस्थापक कौशल किशोर बच्चन की सराहना की। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बल्केश्वर राम, होटाई पंचायत मुखिय पति सहदेव राम, उप मुखिया अमित शर्मा,समाजसेवी हसीब अंसारी, राजेश सिंह, संबुल हुसैन, राजदेव रवि, बबलू यादव, सत्यनाारायण यादव, संजीत गुप्ता, जुगल प्रसाद, महताब आलम,दिनेश यादव, अमरेश यादव, आदर्श सिंह उपस्थित थे।

### क्विज प्रतियोगिता में 40 छात्रों ने लिया भाग

**मेदिनीनगर ।** सरवस्ती पूजा के अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा ने जिला कार्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यकम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की।क्विज प्रतियोगिता में 40 छात्रों ने भाग लिया। मोर्चा ने कहा कि मां सरस्वती के कृपा से ही लोग विवेकवान बनते है। शिक्षा ही जीवन को सवार सकती है। सभी छात्रों को आपने लक्ष्य के प्रती सजग और सतर्क रहना चाहिए। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। इसलिए असफलता में कभी घबराए नहीं बल्कि पुनः प्रयास करना चाहिए। अनिल राम ने कहा कि जीवन में समस्याएं आती रहती है। उसे डट कर मुक्बला करना चाहिए। गुरु का सम्मान करना चाहिए क्यों की गुरु ही सही दिशा दे सकता है। क्विज प्रतियोगिता में सफल प्रथम, द्वितीय और तृतीय को कलम किताब कॉपी दे कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रेम कुमार, जयपाल मोची, दीपक कुमार, घनश्याम कुमार,सन्नी कुमार, हिमांशु कुमार, समेत कई छात्र उपस्थित थे।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।


## हादसा

रेल लाइन पार करते समय बोलेरो का इंजन हुआ बंद, तभी आ गयी मालगाड़ी

# बोलेरो से टकरायी मालगाड़ी , सवारों ने कूदकर बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/विश्रामपुर।** बुधवार भोर में 3.50 बजे लालगढ़ बिहार हाल्ट स्टेशन के समीप रेलवे पटरी पर फंसे बोलरो को मालगाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया। संयोगवश जानलेवा हादसा बाल-बाल बचा। मालगाड़ी को आता देख बोलेरो सवारों ने किसी प्रकार कूदकर अपनी जान बचायी। यह घटना लालगढ़ बिहार हाल्ट स्टेशन से कुछ ही दूरी पर पोल संख्या 307/ 29 से 31 के बीच में घटी। गढ़वा की तरफ जा रही मालगाड़ी से टक्कर के बाद बोलेरो उसके इंजन में फंसकर 75 मीटर तक घसीटते रहा। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रेलवे अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि 58 वैगन की मालगाड़ी पर कोयला लदा था। जिस स्थान पर यह टक्कर हुई वहां काफी कुहासा था। इस वजह से इस मालगाड़ी के ड्राइवर को सावधानी नोट दिया गया था। ऐसे में उक्त स्थल पर मालगाड़ी की रफ्तार 30 किलोमीटर प्रतिघंटा ही थी। जिससे भीषण हादसा टल गया। आरपीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि इस बोलोरो गाड़ी के चालक और मालिक पर भारतीय रेल अधिनियम 153 और 174 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जेसीबी से बोलेरो को हटवाकर ट्रैक को क्लियर किया गया। बोलेरो को जब्त कर गढ़वा रोड आरपीएफ पोस्ट ले आया गया है।

**ट्रैफिक इंस्पेक्टर रेलवे अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि 58 वैगन की मालगाड़ी पर कोयला लदा था। जिस स्थान पर यह टक्कर हुई वहां काफी कुहासा था**





### वर्ष 2008 में पलामू एक्सप्रेस से टकराया था ट्रैक्टर

जानकारी के अनुसार डंडा से तिलक चढ़ाकर बारात बोलेरो से लालगढ़ वापस आ रही थी। क्षतिग्रस्त बोलेरो गढ़वा जिले के अनिल गुप्ता की बतायी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार बोलेरो का चालक नशे की हालात में था। ग्रामीणों ने बताया कि वहां से होकर कई गाड़ियां प्रतिदिन गुजरती हैं। हालांकि वहां पर स्वीकृत क्रासिंग नहीं है। वर्ष 2008 में भी वहां एक ट्रैक्टर रेल लाइन पार करने के दौरान पलामू एक्सप्रेस से टकरा गया था। तब भी बड़ा हादसा होते होते बचा था।

### चार घंटे तक जाम रहा रेल ट्रैक

हादसे के कारण चार घंटे तक अप लाइन जाम रही। इस दौरान वहां लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। संभावना जतायी जा रही है कि बोलेरो सवार समीप किसी शादी समारोह में भाग लेने आये थे। रेल लाइन पार करते समय बोलेरो का इंजन संभवतः बंद हो गया। आपीएफ द्वारा बोलेरो मालिक व चालक के संबंध में जानकारी हासिल की जा रही है। ट्रैक साफ कर सुबह 7.40 बजे परिचालन सामान्य किया गया।

## एक नजर

### बाल विकास शिक्षा निकेतन विद्यालय का शुभारंभ

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव में जीओ मोबाइल टावर के समीप बुधवार को बाल विकास शिक्षा निकेतन विद्यालय का शुभारंभ मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह और समाजसेवी अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में केतार प्रखंड धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। इस विद्यालय के खुल जाने से यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। विद्यालय के डायरेक्टर लव सिंह ने बताया कि विद्यालय में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक की पढ़ाई सीबीएसई पैटर्न आधारित होगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार, आलोक सिंह,उमेश मेहता, अखिलेश पासवान ,सुदीप गुप्ता, शिक्षक यादव,शिव शंकर सिंह उपस्थित थे।

### वज्रपात से महिला झुलसी

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के पाचाडुमर पंचायत के सोनवर्षा गांव में बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में सुखनाथ बैठा की पत्नी मुन्नी देवी (52) घायल हो गयी। घायलावस्था में परिजनों ने इलाज के लिए महिला को केतार के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। महिला का हालात स्थिर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया की मुन्नी देवी घर के बाहर बैठी थी। उसी समय तेज गर्जन के साथ घर के समीप महुआ के पेड़ पर वज्रपात हुआ। उसके झटके से महिला बेहोश हो कर गिर पड़ी।

### आरएसएस के संघ चालक के निधन से शोक

**श्रीबंशीधर नगर।** भाजपा के जिला महामंत्री विकास स्वदेशी के पिता सह आरएसएस के जिला संघ चालक व सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व सचिव महेश प्रसाद साहू उम्र 74 वर्ष का निधन मंगलवार की शाम हो गया। वे विगत तीन वर्षों से लकवा से ग्रसित थे। उनका इलाज वाराणसी एवं लखनऊ से चल रहा था। ज्ञात हो कि महेश प्रसाद साहू एक कुशल संगठनकर्ता, संगठन के प्रति निष्ठा व समाज सेवा के प्रति तत्पर तथा धार्मिक स्वभाव के व्यक्ति थे। स्व. साहू का अंतिम संस्कार बुधवार को धमनी स्थित बांकी नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक भानू प्रताप शाही, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, अनुसूचित जाति के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, पूर्व प्रधानाध्यापक विद्यासागर, आरएसएस के जिला सह संघचालक काशी प्रसाद, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक आदि शामिल हैं।

# बारिश पर आस्था भारी, धूमधाम से हुई मां सरस्वती की पूजा, लोगों में उल्लास

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई । इस दौरान प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी शैक्षिक संस्थानों में विधि-विधान के साथ मां की प्रतिमा स्थापित कर आराधना की गयी। बारिश के कारण पूजा में व्यवधान अवश्य आया, किंतु बच्चों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गयी। पंडालों की जगह छात्र-छात्राओं ने कमरे में पूजन अनुष्ठान किया। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, आरजीएसएम पब्लिक स्कूल, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बहेरवा, जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवा टिकर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमिया खाद जरही में भी मां सरस्वती की पूजा विधि-विधान के साथ की गई। आरजीएसएम पब्लिक स्कूल और कस्तूरबा विद्यालय में एक अलग अंदाज में मां की पूजा की गई। वार्डन तनुजा कुमारी, शिक्षिका रोमा कुमारी, पूनम देवी आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुमंत लाल, मुन्ना राम इत्यादि लोगों ने भी छात्र-छात्राओं के साथ पूजा में भाग लिया।



### ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, बढ़ी ठंड

**केतार।** पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है। केतार प्रखंड क्षेत्र में रूक-रूक कर हो रही बेमौसम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बुधवार की दोपहर प्रखंड के सोन तटीय इलाके परती कुशवानी, छाताकुड़, पाचाडुमर, बीजडीह, खैरवा मेरौनी, लोहरगाडा.सहित अन्य गांवों मे तेज आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे गेहूं, सरसों, अरहर,चना सहित साग- सब्जी को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रतिकुल मौसम से किसानों की मुसीबत बढ़ गयी है। अब उन्हें सरकारी मदद की दरकार है। वहीं परती कूशवानी गांव में बिजली का खम्भा गिर जाने से शिवराम का शौचालय रूम ध्वस्त हो गया।



## 439 मजदूरों का छह लाख से अधिक है बकाया, दर-दर भटक रहे मजदूर

# दस माह बाद भी मनरेगा मजदुरों के लाखों रुपये का भुगतान नहीं

**बिट्टू सिंह**

**केतार।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में काम कर रहे मनरेगा मजदूरों का समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से अब उनका मोह भंग हो रहा है। पिछले दो माह से लंबित मजदूरी भुगतान के लिये कार्यालय का चक्कर लगाकर मजदूर थक चुके हैं। मजदूरों का कहना है कि मनरेगा योजना में दो सप्ताह के भीतर मजदुरी भुगतान करने का प्रावधान है। वहीं प्रखंड के सात पंचायतों के 439 मजदूरों का अप्रैल 2023 का एक सप्ताह की मजदूरी छह लाख दो हजार 148 रू. का भुगतान दस महीना बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका है। मनरेगा मजदूरों को राज्य सरकार साप्ताहिक मजदुरी 162 रू. देती है ।जबकि केन्द्र सरकार 136 रू. देती है। राज्य सरकार मजदूरों के खाते में 162 रू डीबीटी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर ही भेज दिया था,लेकिन केन्द्र सरकार से मिलने वाली राशि का अभी तकभुगतान नहीं किया गया है।





### मजदूर आवेदन दें, जांच कराई जायेगी: बीडीओ

इस सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा कि मजदुर कार्यालय में आवेदन दें, इसकी जांच कराई जायेगी कि आखिर अब तक मजदुरी भुगतान क्यों नहीं हुआ है। जल्द ही कार्रवाई की जायेगी

**अप्रैल 2023 का बकाया है मजदूरी**

बकाया मजदूरी में मुकुन्दपुर पंचायत में 125 मजदूरों का एक लाख 66 हजार 212रू., बलिगढ़.पंचायत में 92 मजदूरों का एक लाख 27 हजार 244रू., केतार पंचायत में 78 मजदूरों का एक लाख पांच हजार 108रू., लोहरगाडा.पंचायत में 52 मजदूरों का 79 हजार 344 रू., पाचाडुमर पंचायत में 44 मजदूरों का 60 हजार 192रूपए और परती कूशवानी पंचायत में 48 मजदूरों का 64 हजार रूपए बकाया है। मजदूर सिंचाई कूप, मेड़बंदी, टीसीबी, बागवानी में कार्य किये थे। अब मजदूरी भुगतान को लेकर पंचायत कार्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय के बाबुओं का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका सुनने वाला कोई नहीं है। नयी योजना संचालित नहीं होने और समय पर भुगतान नहीं होने से मजबूरन मजदूर बाहरी राज्यों में पलायन करने को विवश हो रहें हैं।

## प्रखंड संसाधन केंद्र में रसोईयों की प्रतियोगिता

# पोषण को बेहतर बनाना उद्देश्य : डॉ. कुलदेव





**नवीन मेल संवाददाता**

**रमकंडा।** प्रखंड संसाधन केंद्र, रमकंडा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत प्रखंड स्तरीय रसोईया सह सहायिका कुकिंग कंप्टीशन का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मंडली ने विजेता के रूप में नव प्राथमिक विद्यालय रतोही की सुनीता कुंवर एवं उप विजेता उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बैरिया की महिमा मिंज का चयन किया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नवाचार विधि को शामिल कर पोषण को बेहतर बनाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। जिससे बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। जब बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त होगा तो निश्चित रूप से उनके स्वास्थ्य में सुधार दिखेगा और पढ़ाई-लिखाई के साथ वे किसी भी कार्य को करने में सक्षम होंगे। यह स्कूली बच्चों के लिए काफी लाभकारी योजना है। डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में सुचारू रूप से मध्याह्न भोजन योजना चलाते हुए बच्चों को शत-प्रतिशत पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। निर्णायक मण्डली में चिकित्सा पदाधिकारी सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रम्भा चौबे, प्रबन्ध कार्यक्रम पदाधिकारी चिंतामणि तिर्की व बाल संसद की छात्राएं शामिल थीं। मौके पर डॉ. अतुल्य शंकर मिश्रा, रूपेश कुमार, अरुण सिंह, शशि सिंह, श्रवण सिंह, रिंकू सिंह, हर्ष ज्योति शुक्ला, विनोद प्रसाद, मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

### कुकिंग कंपटीशन में रसोईयों ने दर्शायी प्रतिभा

श्री बंशीधर नगर प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को पीएम पोषण योजना के तहत कुकिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के सभी सीआरसी स्तरीय चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोईयों के द्वारा मेनू के अनुसार स्वादिष्ट भोजन तैयार किया गया। विजेता व उपविजेता का चयन निर्णायक मंडल के सदस्य अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डा. सुचित्रा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, सीआरपी शोभा पांडेय तथा बाल संसद की सदस्य लक्ष्मी कुमारी द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने व्यंजन चखने के बाद सीआरसी कन्या मध्य विद्यालय की रसोईयां फूलकुमारी देवी को विजेता तथा उच्च विद्यालय जमुआ की सकुनी देवी को उप विजेता के रूप में चयनित किया गया। विजेता और उपविजेता को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विरेन्द्र पांडेय व सीआरपी शोभा पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। एमडीएम प्रभारी अमित कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि विभागीय आदेश के तहत चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर सीआरपी संजय कुमार सिंह,रामलला मिश्रा अविनाश सिन्हा, सुभाष राम, रेयासत अंसारी, प्रदीप कुमार,नजरा बीबी,रजनी देवी,सुमित्रा देवी, गायत्री देवी, अनिता देवी, मिथलेश पासवान उपस्थित थे।



## न्यूज गैलरी

### विद्या मंदिर में मां सरस्वती पूजन महोत्सव

**श्रीबंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। मां शारदे की षोडशोपचार पूजन विधिवत मंत्रोच्चार के साथ आचार्य कौशलेन्द्र झा द्वारा किया गया। मां का पट खुलने पर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, अभिभावक गिरिवर शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर 51 नन्हे-मुन्नों का अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। इन बच्चों को कॉपी और पेंसिल उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस उत्सव में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, विवेक कुमार, दीपक कुमार, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, नंदलाल पांडे, प्रसून कुमार, सुजीत कुमार दुबे उपस्थित रहे।

### समस्याओं के समाधान के लिये आंदोलन जरूरी

**श्रीबंशीधर नगर।** स्थानीय जल क्रांति भवन में भाकपा माले कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय अनुमंडल स्तरीय कन्वेंशन बुधवार को सम्पन्न हो गया। कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुये अनुमंडल सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिये आंदोलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आंदोलन तभी सशक्त होगा जब संगठन मजबूत होगा। मौके पर दिलीप कुमार गुप्ता,दुखी राम,रामशरण सिंह,कृष्णा यादव,राजेन्द्र राम,महेंद्र सिंह,गिरधारी सिंह,वाल्मीकि ठाकुर,उमेश सिंह,राजू विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री ने जताया शोक

**श्रीबंशीधर नगर।** केतार थाना क्षेत्र के चेचरिया ग्राम निवासी सह समाजसेवी बसंत जायसवाल की दुर्घटना में हुई मौत पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के बाद हुई मौत की सूचना मिलने के बाद वे स्व0 जायसवाल के चेचरिया स्थित आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया तथा दाह संस्कार में भी शामिल हुये। शोकसभा में मथुरा राम,सीताराम जायसवाल, कमलेश बिहारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बारिश से पहले हुई ओलावृष्टि

**मेराल।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में बुधवार की शाम बिन मौसम बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। मुख्यालय के अलावा हासनदाग गांव सहित कई गांवों में ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई है। जिससे दलहन व तेलहन खेती को लेकर ओलावृष्टि से नुकसान पहुंचने की संभावना जतायी जा रही है। किसानों का कहना है कि ओलावृष्टि होने से दलहन तेलहन के साथ सब्जी फसलों पर काफी असर पड़ेगा।



### चोरी की घटनाओं पर नहीं लग रहा लगाम

**मेराल।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लगने से नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी चोरों का हौसला बुलंद है। मंगलवार की रात्रि रेजो गांव निवासी राम इकबाल चौबे एवं विगन चौधरी का मोटर पंप चुना लिया गया। थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल ने बताया कि मोटर चोर गिरोह को पकड़ने के लिए पुलिस सक्रिय है तथा जल्द ही वे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# प्रेमी के घर बच्चे के साथ रहने के लिए पहुंची प्रेमिका

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** खरौंधी प्रखंड के मझिगावां गांव निवासी अपने प्रेमी के घर में रहने के लिए एक नन्ही बच्ची के साथ प्रेमिका लगभग 20 दिनों से उसके घर का चक्कर लगा रही है। बुधवार को महिला रेणु देवी प्रेमी रुपेश कुमार चंद्रवंशी के घर पूरे गांव समाज को लेकर पहुंची। इसके बाद रुपेश के घर वाले घर में ताला लगाकर भाग खड़े हुए। इससे क्षुब्ध होकर प्रेमिका ने जमकर हंगामा किया। रेणु देवी ने बताया कि वर्ष 2019 में रूपेश चंद्रवंशी के पास उसका रॉन्ग नंबर चला गया था। इसके बाद लगातार फोन पर बात होते रहा। इस बीच एक दूसरे से प्यार भी हो गया। वर्ष 2021 के बाद हम लोगों ने एक-दूसरे से मिलना शुरू किया। इसी बीच उनसे एक बच्ची का भी जन्म हुआ। रुपेश के द्वारा पहले तो बार-बार शादी करने का आश्वासन दिया जा रहा था, लेकिन नवंबर 2023 में जब उनके घर वालों के पास हमने फोन किया तो उनके द्वारा गाली गलौज किया गया। इसके बाद रुपेश भी कन्नी काटने लगा। 23 जनवरी 2024 को भी वह मझिगावां गांव आकर समाज के सामने अपनी रखी थी, किंतु उस समय भी रुपेश व उसके घर वाले नहीं आये। इस बीच में कुछ दिनों के लिए समाज के दबाव में वह रुपेश के घर भी रही, लेकिन रुपेश के द्वारा मारपीट कर उसे रमना स्थित पहले पति के घर पहुंचा दिया गया। उसके द्वारा भी रखने से इंकार करने पर वह पुनः यहां आई है। दूसरे घर वाले मुझे खाना पानी दे रहे हैं। इधर रूपेश चंद्रवंशी की मां चिंता देवी ने बताया कि मारपीट का आरोप गलत है। हमने अपने बेटे को पहले ही घर से निकाल दिया है। उक्त महिला जबरन हमारे घर में घुसना चाहती है। इसका पहले से ही आचरण खराब है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र प्रसाद यादव, सत्येंद्र यादव, कृष्णा साह,मानिक साह, सतीश भूईयां, कृष्णा राम मौजूद थे।



# जेवर दुकान से 1.5 करोड़ की लूट, पुलिस कर रही छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के चर्चित गढ़ देवी मोड के पास स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स से मंगलवार की रात्रि 1.5 करोड़ रुपये की लूट के मामले में अपराधियों को पकड़ने के लिये पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। आक्रोशित दुकानदार एवं ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल टीम गठित कर छापेमारी शुरू कर दी है। बीच बाजार घटित वारदात से व्यापारियों में दहशत का माहौल व्याप्त है।



## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के टंडवा पूरन चौक मोहल्ला निवासी सुमित लाल की पत्नी नीतू कुमारी 22 वर्ष की बुधवार को संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। इसे लेकर मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर साजिश कर नीतू कुमारी की हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि मृतका के ससुराल वालों के अनुसार नीतू सास ससुर से अलग रहने की जिद कर रही थी। इसी गुस्से में उसने अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पति सुमित लाल ने बताया कि पत्नी नीतू उस पर माता-पिता से अलग होने के लिए दबाव बना रही थी। इसे लेकर पति-पत्नी में नोकझोंक भी हुई थी। उन्होंने कांडी में उसके मायके वालों को फोन पर पूरी बात बताया था। उसने बुधवार की सुबह घर में खाना बनाकर सभी लोगों को खिलाया। इसके बाद अचानक घर में फांसी लगा ली। इसकी जानकारी मिलने के बाद उसे फांसी के फंदे से उतार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतका के पिता कांडी थाना क्षेत्र के कांडी बाजार निवासी भीम लाल ने बताया कि उसकी पुत्री ने बुधवार की सुबह 10 बजे अपने मायके में फोन लगाकर सबसे हंसी-खुशी से बात की थी। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे उसके ससुराल से फोन किया गया कि आप गढ़वा जल्द पहुंच जाइए। कई बार पूछे जाने के बाद भी वे लोग घटना की जानकारी नहीं दिए। जबकि गढ़वा पहुंचने पर नीतू का शव सदर अस्पताल में पड़ा मिला। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी फांसी लगाकर आत्महत्या नहीं कर सकती है। साजिश के तहत उसकी हत्या कर फांसी का रुप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इधर, इस घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतका के ससुराल वालों को सौंप दिया है।

## परेशानी

## उपभोक्ताओं को लगा रहे चूना, कार्रवाई की बुलंद की आवाज

# होम डिलेवरी करने में गैस एजेंसी संचालक कर रहे आनाकानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** परिक्षेत्र स्थित एलपीजी एजेंसियों द्वारा ग्रामीण गैस वितरण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। स्पष्ट निर्देश के बाद भी एजेंसी संचालक होम डिलीवरी से आनाकानी करते हुये उपभोक्ताओं से प्रति सिलेंडर 40 रुपये से अधिक वसूला जा रहा है। उपभोक्तओं ने विभागीय अधिकारियों सहित जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये मामले में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में भव्यधारा भारत, मनोज इंडेन और हरिओम इंडेन गैस एजेंसी ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही हैं। इस समय सरकारी निर्देश के तहत एजेंसी के द्वारा सभी उपभोक्ताओं तक अधिकतम रु. 960.50 में सिलेंडर घर तक पहुंचाना है, लेकिन गैस एजेंसी पूरी तरह से नियम का उल्लंघन कर रही है। जो ग्राहक यह सुविधा चाहते हैं, उन्हें भी होम डिलीवरी नहीं दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उन ग्राहकों को जो हर माह खुद रिफिलिंग कराने एजेंसी जाते हैं। उनसे भी पूरा चार्ज लिया जा रहा है। जबकि नियमानुसार ऐसे ग्राहकों को डिलवरी चार्ज का पैसा वापस करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में 12 किमी के दायरे में गैस एजेंसी को अपने ग्राहक के घर तक गैस सिलेंडर रिफीलिंग कराकर पहुंचाने का नियम है। अधिकतम विक्री मूल्य में ही होम डिलीवरी के लिए चार्ज भी लिया जाता है, लेकिन गैस एजेंसियां होम डिलीवरी की सुविधा नहीं देने के बावजूद एजेंसी जाने पर भी यह चार्ज ले रही है।

**निर्धारित मूल्य से अधिक ले रहे कीमत,गैस उपभोक्ताओं से खुलेआम लूट**



### प्रतिमाह लाखों रुपये की अवैध वसूली

क्षेत्र में भारत गैस एजेंसी और इंडियन आयल की एजेंसियों में हजारों से ज्यादा ग्राहक है। जिनसे निर्धारित अधिकतम मूल्य से 20 से 40 रुपये अधिक लेकर भी होम डिलीवरी नहीं की जा रही है। ऐसे में प्रतिमाह लाखों रुपये अवैध कमाई की जा रही है। किसी भी ग्राहक को बिल नहीं दिये जाने के कारण होम डिलवरी शुल्क के बारे में ग्राहकों को कोई जानकारी नहीं हो पाती।

### नियम विरूद्ध बना है गोदाम

मानस मंदिर मुख्य सड़क,जहां घनी आबादी है। एजेंसी द्वारा अपने कार्यालय को ही गोदाम बना दिया गया है, जो नियम विरूद्ध है। कभी भी हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

**संजय कुमार** अधिवक्ता ने बताया कि इंडेन गैस एजेंसी में उनका कनेक्शन है। जबकि एजेंसी रमना और विशुनपुरा में है, फिर भी एजेंसी में जाकर रिफिलिंग कराना पड़ता है। एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा नहीं दी जा रही। होम डिलीवरी का शुल्क वापस मिलता है, इसकी जानकारी नहीं है। उनसे प्रत्येक रिफील पर रु. 960.50 के बदले एक हजार रुपये लिया जाता है।



**राजेश कुमार** ने बताया कि कनेक्शन लिए काफी दिन हो गये हैं, लेकिन अभी तक एक बार भी घर पर गैस सिलेंडर पहुंचाने की सुविधा नहीं मिली है। एजेंसी पर जाकर खुद ही गैस सिलिंडर लाते हैं। जिसका भुगतान एक हजार रुपये करते हैं।



**मुकेश कुमार** ने बताया कि सिलेंडर लेने स्वयं जाते हैं। एजेंसी में रिफिलिंग कराने की पर्ची भी नहीं दी जाती और हर रिफीलिंग का शुल्क एक हजार रुपये लिया जा रहा है। किचकिच से बचने के लिये बिना कुछ बोले भुगतान कर देते हैं।



क्षेत्र में भव्यधारा भारत, मनोज इंडेन और हरिओम इंडेन गैस एजेंसी ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही हैं। इस समय सरकारी निर्देश के तहत एजेंसी के द्वारा सभी उपभोक्ताओं तक अधिकतम रु. 960.50 में सिलेंडर घर तक पहुंचाना है, लेकिन गैस एजेंसी पूरी तरह से नियम का उल्लंघन कर रही है : उपभोक्ता

# श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ की गई विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा







**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** प्रखंड में बुधवार को सरस्वती की पूजा की गई। बीएस मेमोरियल हाई स्कूल में आकर्षक पूजा पंडाल व सेल्फी प्वाइंट बनाए गए, जहां मां सरस्वती का दर्शन करने आ रहे श्रद्धालु सेल्फी लेते नजर आए। वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, महावीर मंदिर ज्ञानदीप स्कूल, दून स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल, विद्या कोचिंग में भव्य आकर्षक पंडाल बनाए गए थे। वहीं पूजा में कोई असामाजिक तत्व शांति को भांग न करें इसको लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन चौकस नजर आई।

### बरवाडीह में सरस्वती पूजा धूमधाम से हुइ

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। गढ़वाटांड़, आदर्श नगरजय भवानी संघ, पुरानी बस्ती, रेलवे कॉलोनी, महावीर चौक, अंबेडकर चौक, सुभाष चौक, विवेकानंद चौक, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, परम विद्या निकेतन, संत सोल्डर पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रेन पैराडाइज पब्लिक स्कूल, विवेवकांद पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। वहीं बसंत पंचमी पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

### उत्साह के साथ की गई मां सरस्वती की पूजा

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, साल्वे, फूलसु, बालूभांग, डाढा, अमरवाडीह, टोटी, सिबला पंचायत में सरस्वती पूजा की गई। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भाट चतरा, बेसरा, बारा, फूलबसिया, राजगुरु, गड़गोमा, बरछिया, करमा, मकरा, पिपराडीह आदि विद्यालयों में सरस्वती की पूजा अर्चना की गई।



### बसंत पंचमी पर भाटचतरा में लगा पशु मेला, 100 मवेशियों की खरीद

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाजार टांड में प्रत्येक वर्ष की भांति बसंत पंचमी पर पशु मेले का आयोजन किया गया। मेले में लातेहार, चतरा, हजारीबाग सहित कई जिलों के लोग आते हैं, जहां बैल, बकरी व गाय की खरीद बिक्री पांच दिनों तक की जाती है। पहले दिन सौ से भी अधिक मवेशियों की खरीद बिक्री की गई। मेले में काफी भीड़ लगी हुई थी।

## एक नजर

### गिद्धौर-बरहमपुर मार्ग कीचड़ में तब्दील, घंटों आवागमन रहा बाधित



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय से बरहमपुर जाने वाली मुख्य मार्ग में रूपिन गांव के समीप सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया, जिसमें माल वाहक 407 पिकअप फंस गई। हालांकि बगल में बने तालाब में गिरने से बाल-बाल बच गया, जबकि इस सड़क से आवागमन घंटों बाधित रहा। बताया जाता है कि गिद्धौर से ब्रह्मपुर तक सड़क की मरम्मती हो रही है। वैसे में कई जगहों पर संवेदक द्वारा गार्डवाल व अन्य कार्य किया जा रहा है। इसके कारण सड़क में कहीं-कहीं काफी मिट्टी जमा होने से बारिश के कारण सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गया है। दूसरी तरफ बे मौसम बारिश के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान टमाटर, पत्ता गोभी, फूल गोभी, धनिया पत्ता, हरा मिर्च सहित अन्य सब्जी के फसल को हुआ है। किसानों ने आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

### पेड़ पर वज्रपात, बाल बाल बचे कई लोग

**बारियातु।** पिंडाटोला बजरंग बली मंदिर के पास जामुन के पेड़ पर वज्रपात से ग्रामीण भयभीत हो गए। त्रिभुवन प्रसाद, संतोष कुमार साव, राजू यादव, अर्जुन राम, बहादुर उरांव सहित अन्य लोगों ने बताया कि वज्रपात से विशाल जामुन का पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ से लगभग 15 मिनट तक धुआं निकलता रहा। इस दौरान मंदिर परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी चल रही थी। दर्जनों युवक बाल-बाल बच गए।

### अबुआ आवास के लाभुक चयन में बरती जा रही अनियमितता

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड।** प्रखंड के सभी दस पंचायतों में अबुवा आवास लाभुकों के चयन में जिम्मेदार बबुओं द्वारा घोर अनियमितता बरती जाने की शिकायत ने अब तुल पकड़ लिया है। कई जनप्रतिनिधि इसकी जांच कराने को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर वरीय अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। प्रखंड के सभी दस पंचायतों में अबुवा आवास लाभुकों के चयन में बबुओं द्वारा घोर अनियमितता बरते जाने की शिकायत ने अब तुल पकड़ लिया है। कई जनप्रतिनिधियों इसकी जांच कराने को लेकर मुख्यमंत्री से लेकर वरीय अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिम्मेदार बबुओं द्वारा वरीयता सूची बनाने में योग्य लाभुकों के स्थान पर अयोग्य लाभुकों को शामिल कर दिया जा रहा है। इससे प्रधानमंत्री आवास वरीयता सूची जैसी हालात उत्पन्न हो रही है। पीएम आवास में भी लगभग दर्जनो ऐसे लाभुक वंचित रह गए थे। जिनका जर्जर कच्चा आवास एक कमरा का है। कुछ ऐसी ही स्थिति अबुआ आवास वरीयता सूची बनाने में की जा रही है। सूत्रों की माने तो हे द्रव तूं सर्व के तर्ज पर वैसे भी परिवार को लाभुक बनाया जा रहा जिनको पहले भी प्रधानमंत्री आवास मुहैया हो चुका है। जिम्मेदार बबुओं के इस दोहरे मापदंड से योग्य लाभुक अबुआ आवास जैसी योजना से वंचित रह रहे हैं। वहीं वरीयता सूची में शामिल कराने को लेकर लाभुक पंचायत व प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर हैं।

### शांति व्यवस्था को लेकर विभिन्न पूजा पंडालों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की थी प्रतिनियुक्ति

# चतरा जिले में धूमधाम से हुई विद्या की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/कुंदा/गिद्धौर**

विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना माघ शुक्ल पक्ष बसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को पूरी आस्था, श्रद्धा के साथ चतरा जिला मुख्यालय सहीत सभी प्रखंडों में हुई। जिले के कुंदा, पत्थलगडा, प्रतापपुर, कान्हाचट्टी, इटखोरी, मयूरहंड, गिद्धौर, सिमरिया व टंडवा आदि प्रखंडों में सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के अलावे विभिन्न क्लबों द्वारा माता की भव्य प्रतिमा व कलश स्थापित कर पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान माता की स्तुति, वंदना, आरती एवं वैदिक मंत्रोचार से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पूजा के पूर्व माता के पट खुलते ही दर्शन और पूजन के लिए विशेषकर बच्चों व युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने माता के समक्ष नतमस्तक हो विद्या का वर मांग ज्ञान, विद्या एवं यश की कामना की। पूजा-पाठ का सिलसिला सुबह से देर शाम तक जारी रहा। वहीं कुंदा प्रखंड स्थित सनराइजिंग स्कूल, मां शारदे पब्लिक स्कूल, ज्ञान सरोवर, प्रोग्रेसिव अकाड़मी समेत विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। मौके पर कई शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। दूसरी ओर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के साथ प्रखंड के विभिन्न गांव में विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा पूरे उत्साह के साथ की गई। हालांकि सुबह से 10 बजे तक रुक-रुक कर हुई बारिश से पूजा में थोड़ी व्यवधान उत्पन्न हुई। विभिन्न क्लबों व शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित माता सरस्वती की पूजा विधि विधान के साथ हुई। प्रखंड मुख्यालय के सार्वजनिक नव युवक विकास संघ द्वारा उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर बनाया भव्य पूजा पंडाल देखने भारी भीड़ उमड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी राकेश सहाय व थाना प्रभारी गुलाम सरवर लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। पत्थलगडा में शांति व्यवस्था को लेकर बीडीओ मोनी कुमारी, थाना प्रभारी सचीन कुमार दास के साथ क्षेत्र का भ्रमणकर विभिन्न पूजा पंड़ालों का जायजा लिया और पूजा समिति के अध्यक्षों व सदस्यों को निर्देश दिए।



### मध्य विद्यालय परोरिया में नहीं हुआ सरस्वती पूजा का आयोजन, कई में पूजा के नाम पर हुई खानापूर्ति




**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा विगत दो तीन वर्षों से राजकीय मध्य-विद्यालय परोरिया में नहीं किया जा रहा है। बुधवार को भी सरस्वती पूजा के दिन लगभग 2.45 बजे दिन में विद्यालय में ताला लटका मिला। विद्यालय में न तो कोई छात्र-छात्रा थे और ना ही कोई शिक्षक। विद्यालय में सन्नाटा पसरा मिला। वहीं विद्यालय के दक्षिणी छोर पर ग्रामीणों द्वारा धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में मां की पूजा नहीं किया जाना चिंताजनक और शर्मसार करनेवाली घटना है। मैदान में क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया गया कि जब से रामानंद यादव विद्यालय के सचिव बने हैं, तब से विद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में जब सचिव से मोबाइल पर जानकारी के लिए संपर्क किया गया तो, उनके द्वारा कुछ बताए बिना फोन काट दिया गया। बीईईओ कानन पात्रा ने पूछे जाने पर बताया की इसकी जानकारी मुझे नहीं है। आज स्कूल बंद है, कल इसकी जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कुछ अन्य मध्य विद्यालयों में भी पूजा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। मवि महुवरी में भी ताला लटका मिला। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महाराज यादव से जब जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि हमें पूजा संबंधी कोई जानकारी नहीं है, सचिव से जानकारी कर लीजिए। पूजा के उपेक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कारण सरकारी शिक्षकों का प्रखंड मुख्यालय में प्रवास नहीं करना भी है। कुछ को छोड़ लगभग सारे शिक्षक हजारीबाग में प्रवास करते हैं। वर्षों से इस पर अभिभावकों द्वारा आवाज उठाई जाती रही है। लेकिन शिक्षा विभाग अब तक इस पर मौन साधे हुए है।

# लाभुकों के बीच 49 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का हुआ वितरण

### विधिक सेवा सशक्तिकरण सह पोक्सो पर जिलास्तरीय शिविर आयोजित





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को टाउन हॉल में विधिक सेवा सशक्तिकरण सह पॉक्सो एक्ट पर शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गरिमा सिंह, उपायुक्त, अंजनी अंजन, पुलिस उपाधीक्षक, अमित कुमार पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आदि ने संयुक्त रूप से किया। अखिल कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि लोगों को कानून एवं अधिकारों की जानकारी देकर सशक्त बनाने, सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में बुधवार को मेगा शिविर का आयोजन किया गया है। शिक्षित एवं जागरूक होकर हम शोषण एवं अत्याचार से बच सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को उसके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। साथ ही साथ सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचाना है। महिलाओं के विरुद्ध अपराध, महिला अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि अशिक्षा ही अंधविश्वास की जड़ है। शिक्षित बनें और जागरूक हों। उन्होंने लोगों को अपने आसपास घटित अपराधों के नियंत्रण हेतु जागरूक होने एवं कानूनी सहायता लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपराध की घटना की जानकारी निकटवर्ती थाना को देने की बात कही। लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया तथा 49 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड के कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजीव आनंद, मनिका प्रखंड के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, हेरखंड प्रखंड के अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, बालूमाथ प्रखंड के अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा, गारू प्रखंड के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो. अब्दुल नसीर, बारियातु प्रखंड के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशिभूषण शर्मा, बरवाडीह प्रखंड के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार, महुआडांड़ प्रखंड के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार, स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सुजीत कुमार, सहायक रजिस्ट्रार-सह-विधि शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

# बरवाडीह : विधिक जागरूकता शिविर में परिसंपत्ति का वितरण

### कानून की दी गई जानकारी, कई सामानों का हुआ वितरण






**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन एसडीजीएम मिथलेश कुमार, प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज आदि ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सामान व परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इसमें बैसाखी, दो ट्राई साइकिल, दो व्हीलचेयर, जॉब कार्ड, 11 सर्वजन पेंशन योजना धारकों को स्वीकृति प्रमाणपत्र, सोना सोबरन योजना से पांच धोती साड़ी, 14 राशन कार्ड, सहायता समूह के बीच 32 लाख के चेक, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच पशुधन आदि का वितरण किया गया। मौके पर अधिवक्ता खुर्शीद आलम, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, बीपीओ त्रिवेणी राम, प्रभारी कृषि पदाधिकारी देवलाल राम, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, मुखिया कालो देवी, वेरोनिका कुजूर, बीस सूत्री सदस्य आरती देवी आदि मौजूद थे। एसडीजीएम मिथिलेश कुमार ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानून की जानकारी देने के साथ-साथ विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता और सलाह के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से किसी भी हिंसा और दुर्घटना के शिकार पीड़ित को सरकार के प्रावधान के अनुसार उचित मुआवजा दिलाने में भी सार्थक मदद की जाती है। बीडीओ ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से जरूरतमंद लोग जिन्हें किसी भी तरह की कानूनी लड़ाई लड़ने में आर्थिक समस्या आती है उन्हें विधिक सेवा के माध्यम से निःशुल्क वकील मुहैया कराने के साथ अन्य सभी तरह की कानूनी सहायता मुहैया कराई जाती है।

**मौसम** | माता सरस्वती की पूजा के आयोजन पर पड़ा असर

# बेमौसम बरसा पानी, ठिठुरी जिंदगी



**मृत्यूंजय कुमार। पत्थलगड़ा** बेमौसम झमक कर पानी के बरसने से जिला मुख्यालय के साथ विभिन्न प्रखंड़ों में जिंदगानी ठिठुर सी गई है। चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड में बने कई पूजा पंडाल क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक पूजा पंडाल पर बिजली का पोल ही गिर गया। हालांकि जान माल की हानि नहीं हुई। वहीं जिले के पत्थलगड़ा, सिमरिया, गिद्धौर, प्रतापपुर, हंटरगंज आदि प्रखंड़ों में बुधवार को तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर दिनभर जारी रही। ऐसे में माता सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी तरह से प्रभावित हुई। हालांकि रबी फसलों को इससे फायदा हुआ है। हवा के कारण कहीं-कहीं पेड़ और बिजली के तार गिर गए। कई के छप्पर भी उड़ गए। मौसम विभाग ने बारिश का पूवार्नुमान जारी कर रखा था। मंगलवार को दिन में ऐसा नहीं लगता था कि बारिश होगी, लेकिन देर रात को बादल छाने लगे और हवा की गति तेज होने लगी। शुरुआती काल में वर्षा के बाद थोड़ी देर के लिए धूप भी निकली लेकिन कुछ समय बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। रुक-रुककर दिनभर बूंदाबांदी होती रही।

### कस्तूरबा विद्यालय में सत्र 2024-25 में नामांकन जारी

**गिद्धौर।** कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन प्रारंभ है। विद्यालय की वार्डन बिंदु पोद्दार ने बताया कि कक्षा 6 में 75 बच्चों का नामांकन होगा। इसमें एसी कोटे से 13, एसटी से एक, ओबीसी के 33, सामान्य के नौ, बीपीएल कोटे से 19 बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। इस प्रकार कक्षा 7 में 27 छात्रों का नामांकन होगा। इसमें ओबीसी 13, पांच व बीपीएल कोटे के नौ सीट हैं, जबकि कक्षा 9 में 5 बच्चा का नामांकन होगा। इसमें सभी बच्चे बीपीएल कोटे से होंगे। विद्यालय में कुल नामांकन 107 छात्रों का लिया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड की छाया प्रति, जाति व आवास प्रमाणपत्र, बीपीएल कार्ड की छाया प्रति, माता-पिता का पहचान पत्र, विद्यालय के माता समिति के अनुशंसा प्रतिवेदन अनिवार्य है।

## एक नजर

### हाईवा के धक्के से ई कंपनी कर्मी घायल



**बालूमाथ।** प्रखंड में हाईवा से होने वाली दुर्घटना पर रोकथाम नहीं हो पा रही है। बुधवार शाम को काम करके वापस लौट रहे श्याम यादव (26) को अज्ञात हाईवा ने बालूमाथ रेलवे ओवरब्रिज के पास धक्का मार कर फरार हो गया। इससे श्याम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक और डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने प्राथमिक उपचार कर मरीज की स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक मरीज को सिर और चेहरा के साथ-साथ शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आई हैं। बता दें कि हाईवा के अनियमित परिचालन से आए दिन दुर्घटना हो रही है। कुछ दिनों पूर्व तेज गति से आ रहे हाईवा ने बिजली के कई खंभों को तोड़ दिया था। वहीं सड़क पर आ रहे मवेशियों को भी मौत की घाट उतार दिया था। वहीं बारियातु में शादी का कार्ड बांट कर जा रहे ससुर दामाद को भी हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया था। हाईवा शाम होते ही तेज रफ्तार सड़कों पर चलते नजर आता है, जिस पर ड्राइवर का कोई नियंत्रण नहीं रहता है। इसका परिणाम लोगों को जानमाल के नुकसान सहन करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन को इस रोक लगाने की आवश्यकता है।

### मजदूर को छह साल के बेटे ने दी मुखाग्नि



**पत्थलगडा(चतरा)।** ओडिशा मजदूरी करने गए पत्थलगडा थाना क्षेत्र के बेलहर गांव निवासी 32 वर्षीय सकेन्द्र राणा पिता स्व. भीखा राणा की मौत सड़क हादसे में हो गई। बुधवार सुबह मृतक का शव ओडिशा से बेलहर गांव पहुंचा। शव गांव पहुंचते मृतक की पत्नी बच्चे मां व परिजनों की चीख चित्कार से सभी की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने बताया की सकेन्द्र लगभग डेढ़ माह पूर्व एक जान पहचान वाले ठेकेदार के साथ कारपेंटर का काम करने ओडिशा गया था। बीते सोमवार को एक साथी के साथ मोटरसाईकिल से कहीं जा रहा था। इसी दौरान एक कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां जांचोपरांत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। सकेन्द्र के असमय मृत्यु से पत्नी, एक छह साल के बेटे व बूढ़ी मां पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक ही घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था। बुधवार को मृतक का अंतिम संस्कार स्थानिय नदी घाट में की गई। जहां छह साल के बेटे ने मुखाग्नि दी। जिसे देख लोगों की आंखे नम हो गया।







### जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में विद्यार्थियों ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि, कला और ज्ञान का वरदान मांगा

# लोहरदगा में भक्तिभाव से हुई विद्या की देवी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बुधवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई। मां सरस्वती की पूजा को लेकर विद्यार्थियों में उमंग और उत्साह नजर आया। जिले के सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग सेंटरों और घरों आदि स्थानों पर मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। शहर के पतराटोली, मिशन चौक, गुदरी बाजार, वीर शिवाजी चौक, शास्त्री चौक, महावीर चौक, तेतरतर, बौली बगीचा, महादेव आश्रम, बीआईडी, छत्तर बगीचा, न्यू रोड आदि स्थानों पर पंडाल का निर्माण कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई।





### बच्चों को कराई अक्षर ज्ञान की शुरुआत

मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कई नौनिहालों (शिशुओं) ने अक्षर ज्ञान की शुरुआत की। बच्चों को पंडितों ने खली (पेंसिल) लेकर स्लेट (ब्लैक बोर्ड) पर लेखन और अक्षर ज्ञान की शुरुआत करने से पहले मां सरस्वती से आशीर्वाद दिलाने के लिए पूजा-अर्चना की। नौनिहालों ने पीला वस्त्र धारण कर विद्या की देवी की पूजा-अर्चना की।

### सरस्वती की आराधना में लीन दिखे बच्चे

शहरी क्षेत्र के ईस्ट गोला रोड में मुहल्ले के छोटे छोटे बच्चों ने चंदा कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना की। पूजा को लेकर बच्चों की टोलियों ने कई दिनों से तैयारियां शुरू कर दी थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडाल में मां सरस्वती का प्रसाद ग्रहण किया।

### कुडू प्रखंड में मनाई गई सरस्वती पूजा

**कुडू।** प्रखंड में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बुधवार को मां सरस्वती की पूजा भक्तिमय वातावरण में की गयी। विभिन्न स्कूलों, कोचिंग व शैक्षणिक संस्थानों, पूजा समितियों आदि स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की विधिवत आराधना की गई। सरस्वती पूजा को लेकर छात्र - छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही रंग बिरंगी परिधानों में सुसज्जित होकर विद्याथी अपने स्कूल, कोचिंग संस्थानों और पूजा पंडालों में पहुचकर पूरे भक्ति भाव से मा शारदे की आराधना की। पूजा के बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू, बड़की चांपी, सलगी, स्टूडेंट पब्लिक स्कूल नावाटोली, कुडू, गुरुकुल एकेडमी कुडू, होलीफेथ पब्लिक स्कूल आदि जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गयी।

### सेन्हा में मां सरस्वती का हुआ पूजन

**सेन्हा।** बसंत पंचमी के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा की गई। बाजार डान्डू, चौकनी, तोड़ार, सेन्हा आदि स्थानों पर माता शारदे की भक्ति में भक्तजन डूबे रहे। पूजा के उपरांत प्रसाद के स्वरूप मटर, गाजर, सेब, बुंदिया का वितरण किया गया। पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया।

### मां सरस्वती की पूजा का किया आयोजन

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में भक्ति भाव से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। विद्यालय के सेनापति अंश पांडेय को मुख्य यजमान बनाया गया। विद्यालय के पूर्व आचार्य जनार्दन पांडेय ने मुख्य पुरोहित का कार्य किया। इस मौके पर रामचरित मानस का अखंड पाठ किया गया। सरस्वती पूजन में लगभग पांच हजार लोग दर्शन करने पहुंचे। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास आदि मौजूद रहे।

### विद्यारंभ संस्कार महोत्सव का आयोजन

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती पूजा उल्लास के साथ मनाई गई। साथ ही करीब 30 से 35 बच्चों का अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। मौके पर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, नगर संघचालक, जिला संघचालक, विभाग सह संघचालक प्रमुख, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख, नगर कार्यवाह, जिला कार्यवाह, तीनों विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य बंधु भगिनी आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

### भंडरा में मां सरस्वती की आराधना की गई

**भंडरा।** प्रखंड में बुधवार को मां सरस्वती की पूजा की गई। पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा विशेष रूप से की गई। वहीं भंडरा, भौरो, चट्टी, भीठा से लेकर गांव तक जगह-जगह लोगों ने मां शारदा की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा की।

### विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सरस्वती पूजा मनाई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित किया गया। कक्षा 11वीं के छात्र अभय कुमार साहू मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। महाविद्यालय में मुख्य आकर्षण के रूप में रामलला व राम मंदिर की प्रदर्शनी और महाविद्यालय की गतिविधियों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। महाविद्यालय के छात्राओं के द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड में श्रद्धा के साथ की गई विद्या की देवी सरस्वती की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को श्रद्धा और भक्ति से मां सरस्वती की पूजा की गई। दुर्गा मंदिर परिसर प्रेमनगर पीपल चौक सहित सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में भी मां सरस्वती की पूजा की गई।

वहीं क्षेत्र के गांवों में भी पूरे भक्ति भाव से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह एएसआई मदन शर्मा पुलिस बल के साथ गश्ती करते नजर आए। पंडालों में दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहा। पूजा समितियां द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं कई स्कूलों में विद्यार्थी भक्ति धुन पर झूमते नजर आए।

## परीक्षा में धांधली व पेपर लीक के खिलाफ मशाल जुलूस

### सीबीआई जांच नहीं होने पर आंदोलन और तेज होगा : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली एवं पेपर लीक होने के खिलाफ अखिल छात्र संघ जिला इकाई (आजसू पार्टी) लोहरदगा द्वारा मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व छात्र संघ जिला अध्यक्ष आयुष कुमार महतो द्वारा किया गया। यह मशाल जुलूस आजसू पार्टी जिला कार्यालय से लेकर पावरगंज तक गया।

मशाल जुलूस के माध्यम से जेएसएससी, सीजीएल एग्जाम एवं पेपर लीक मामले पर सीबीआई जांच की मांग एवं अविलंब नीरज सिन्हा सहित अन्य दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। मशाल जुलूस के अंत में जुलूस को संबोधन करते हुए छात्र संघ के जिला अध्यक्ष के द्वारा वर्तमान सरकार को अल्टीमेट दिया गया है कि यदि सीबीआई जांच नहीं होती है तो लोहरदगा जिला इकाई उग्र आंदोलन करने को विवश होगी। झारखंड सरकार को अविलंब नीरज सिन्हा को गिरफ्तारी करना चाहिए। मशाल जुलूस में अखिल झारखंड छात्र संघ के जिला सचिव आकाश मेहता, बलदेव साहू कॉलेज के प्रभारी आशीष कुमार साहू, राजा राजकुमार साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू राज, नगर कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डुस प्रसाद गुप्ता, नगर प्रवक्ता समीर सौरव, नगर महासचिव कुमार अभिषेक, झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी व केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव एवं कैरो प्रखंड के प्रभारी अरविंद यादव, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, दिलीप साहू, बुद्धिजीवी मंच के राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता साहू, महिला जिला सचिव सरस्वती देवी, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, उपाध्यक्ष साजिद कलाल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, रामचंद्र गिरी, छात्र संघ से अनिकेत उपाध्याय, प्रशांत साहू आदि उपस्थित थे। वहीं आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कवलजीत सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार की असंवेदनशीलता के कारण झारखंड के छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जा रहा है। झारखंड सरकार को चयन आयोग के तमाम पदाधिकारियों को बर्खास्त करना चाहिए एवं निर्दोष छात्रों पर हुए मुकदमों को वापस लेना चाहिए। झारखंड सरकार छात्रों और युवाओं की मांग नहीं मानती है तो आजसू पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।




**प्रक्रिया** अंजुमन इस्लामिया भंडरा का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न

# आफताब आलम बने सदर, अब्दुल रऊफ सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
अंजुमन इस्लामिया भंडरा प्रखंड के सदर, नायब सदर, सेक्रेट्री, पद का चुनाव बुधवार को हुआ। तीन वर्ष के लिए हुए इस चुनाव में क्षेत्र के उदरंगी, अम्बेरा, सोरंदा, बलसोता, पलमी,अकाशी, बंडा तेतरपोका आदि 23 अंजुमन के 149 पदाधिकारियों में 148 ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान और मतगणना के लिए भंडरा कुंबाटोली केंद्र बनाया गया था। रिजल्ट की घोषणा अजीमे आला हैदर अंसारी ने की, जिसमें आफताब आलम सदर निर्वाचित हुए। नायब सदर मुमताज अंसारी, सेक्रेट्री में अब्दुल रऊफ चुने गए। इस दौरान नवनिर्वाचित सदर आफताब आलम ने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के साथ ही समाज उत्थान के लिए बेहतर कदम उठाए जाएंगे। नवनिर्वाचित कमेटी के पदधारियों को 16 फरवरी जुम्मा नमाज के बाद दोपहर 3 बजे मदरसा परिसर में शपथ ग्रहण होगा।



**किसको कितना मिला मत :** भंडरा अंजुमन इस्लामिया चुनाव में सदर पद में दो प्रत्याशी थे। परवेज अंसारी को 72, जबकि आफताब आलम को 74 मत मिले। दो मत रद्द हुए। वहीं सेक्रेटरी पद में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मंसूर अंसारी को 44, साजिद अंसारी को 47 एवं अब्दुल रऊफ को 57 मत मिले। नायब सेक्रेटरी पद के लिए दो प्रत्याशी चुनाव में थे। महमूद अंसारी को 45 व मुमताज अंसारी को 100 मत मिले। तीन मत रद्द हुए। अंजुमन इस्लामिया के चुनाव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव, थाना प्रभारी गौतम कुमार, चुनाव संयोजक मोजीबुल मिरदाहा, मंजूर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सलमान अंसारी, कैरो के अली राजा, जमील अंसारी आदि की सक्रिय भूमिका रही।

### 50 वर्ष की महिलाओं को भी अब मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

**मयूरहंड(चतरा)।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गरीब व जरुरतमंद लोगों के हित में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए गरीबों को बड़ा तौफा दिया है। उक्त बातें कदगावांकला मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने कहीं। बताया कि अब मुख्यमंत्री पेंशन योजना में 60 वर्ष की आहर्ता को घटाकर 50 वर्ष कर दिया है। योजना का लाभ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के महिला एवं पुरुष दोनों उठा पाएंगे। वहीं सामान्य व ओबीसी जाती के महिलाओं को यह लाभ मिल पाएगा। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से सैकड़ों गरीब व जरूरतमंद लोग लाभान्वित होंगे। इस फैसले को प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इस फैसले से कई गरीबों को जीवनयापन करने में मदद मिलेगी।

## हमीद नगर कुडू में 200 केबी का ट्रांसफार्मर लगा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू प्रखंड के हमीदनगर में पिछले कई दिनों से 100 केबी का ट्रांसफार्मर जला पड़ा था। इसके कारण पूरा हमीदनगर कुडू मुहल्ला कई दिनों से अंधेरे में था। लोगों को आवश्यक कार्यों के लिए कुडू पर निर्भर रहना पड़ रहा था। मसलन- विद्युत आधारित व्यवसायिक गतिविधियां ठप्प थी। मोबाइल फोन को चार्ज तक करना मुश्किल था। मोहल्लेवासियों के अथक प्रयास से 200 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस मामले में मोज्जमिल अहमद झामुमो जिला अध्यक्ष ने भी अपने स्तर से इस मामले में प्रयास किया। समशेर खान व रोशन ठाकुर ने नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। हमीदनगर कुडू में हर्ष है।

